CHRONICLE
Nurturing Talent Since 1990

10 वर्ष (2016-2025)

अध्यायवार

# इतिहास

## आईएएस मुख्य परीक्षा प्रश्नोत्तर रूप में

## हल प्रश्न-पत्र



## 10 वर्ष (2016-2025)

## अध्यायवार

# इतिहास

### आईएएस मुख्य परीक्षा प्रश्नोत्तर रूप में

**हल प्रश्न-पत्र**

**यह पुस्तक संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के वैकल्पिक विषय के साथ-साथ राज्य लोक सेवा आयोगों की मुख्य परीक्षाओं तथा अन्य समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु भी समान रूप से उपयोगी है।**

**संपादकः** एन. एन. ओझा

**हलः** क्रॉनिकल संपादकीय समूह

CHRONICLE
Nurturing Talent Since 1990

# अनुक्रमणिका

## प्रथम प्रश्न-पत्र


- **मानचित्र ..................................................1-25**

1. **स्रोत ..................................................26-28**

पुरातात्विक स्रोत:
- ❖ अन्वेषण, उत्खनन, पुरालेखविद्या, मुद्राशस्त्र, स्मारक

साहित्यिक स्रोत:
- ❖ स्वदेशी: प्राथमिक एवं द्वितीयक; कविता, विज्ञान साहित्य, क्षेत्रीय भाषाओं का साहित्य, धार्मिक साहित्य।
- ❖ विदेशी वर्णन: यूनानी, चीनी एवं अरब लेखक

2. **प्रागैतिहास एवं आद्य इतिहास.........................29-30**
- ❖ भौगोलिक कारक, शिकार एवं संग्रहण (पुरापाषाण एवं मध्यपाषाण युग), कृषि का आरंभ (नवपाषाण एवं ताम्रपाषाण युग)।

3. **सिंधु घाटी सभ्यता ........................................31-36**
- ❖ उद्गम, काल, विस्तार, विशेषताएं, पतन, अस्तित्व एवं महत्व, कला एवं स्थापत्य।

4. **महापाषाणयुगीन संस्कृतियां ............................37-38**
- ❖ सिंधु से बाहर पशुचारण एवं कृषि संस्कृतियों का विस्तार, सामुदायिक जीवन का विकास, बस्तियां, कृषि का विकास, शिल्पकर्म, मृदभांड एवं लौह उद्योग।

5. **आर्य एवं वैदिक काल ....................................39-44**
- ❖ भारत में आर्यों का प्रसार।
- ❖ वैदिक काल: धार्मिक एवं दार्शनिक साहित्य; ऋगवैदिक काल से उत्तर वैदिक काल तक हुए रूपांतरण; राजनैतिक; सामाजिक एवं आर्थिक जीवन; वैदिक युग का महत्व; राजतंत्र एवं वर्ग व्यवस्था का क्रम विकास।

6. **महाजनपद काल...............................................45-48**
- ❖ महाजनपदों का निर्माण : गणतंत्रीय एवं राजतंत्रीय; नगर केंद्रों का उद्भव, व्यापार मार्ग, आर्थिक विकास, टंकण, जैन एवं बौद्ध धर्म का प्रसार, मगध एवं नंदों का उद्भव।
- ❖ ईरानी एवं मकदूनियाई आक्रमण एवं उनके प्रभाव।

7. **मौर्य साम्राज्य................................................49-57**
- ❖ मौर्य साम्राज्य की नींव, चंद्रगुप्त, कौटिल्य और अर्थशास्त्र; अशोक; धर्म की संकल्पना; धर्मादेश; राज व्यवस्था; प्रशासन; अर्थव्यवस्था; कला, स्थापत्य एवं मूर्तिशिल्प; विदेशी संपर्क, धर्म, धर्म का प्रसार; साहित्य, साम्राज्य का विघटन; शुंग एवं कण्व।

8. **उत्तर मौर्य काल (भारत-यूनानी, शक, कुषाण, पश्चिमी क्षत्रप)...............................................58-64**
- ❖ बाहरी विश्व से संपर्क; नगर-केंद्रों का विकास, अर्थ-व्यवस्था, टंकण, धर्मों का विकास, महायान, सामाजिक दशाएं, कला, स्थापत्य, संस्कृति, साहित्य एवं विज्ञान।

9. **प्रारंभिक राज्य एवं समाज; पूर्वी भारत, दकन एवं दक्षिण भारत में ..............................................65-67**
- ❖ खारवेल, सातवाहन, संगमकालीन तमिल राज्य; प्रशासन, अर्थव्यवस्था, भूमि-अनुदान, टंकण, व्यापारिक श्रेणियां एवं नगर केंद्र; संगम साहित्य एवं संस्कृति, कला एवं स्थापत्य।

10. **गुप्त वंश, वाकाटक एवं वर्द्धन वंश................68-73**
- ❖ राज्य व्यवस्था एवं प्रशासन, आर्थिक दशाएं, गुप्तकालीन टंकण, भूमि, अनुदान, नगर केंद्रों का पतन, भारतीय सामंतशाही, जाति प्रथा, स्त्री की स्थिति, शिक्षा एवं शैक्षिक संस्थाएं, नालंदा, विक्रमशिला एवं बल्लभी, साहित्य, विज्ञान-साहित्य, कला एवं स्थापत्य।

11. **गुप्तकालीन क्षेत्रीय राज्य..................................74-78**
- ❖ कदंब वंश, पल्लव वंश, बादामी का चालुक्यवंश; राज व्यवस्था एवं प्रशासन, व्यापारिक श्रेणियां, साहित्य; वैष्णव एवं शैल धर्मों का विकास, तमिल भक्ति आंदोलन, शंकराचार्य; वेदांत; मंदिर संस्थाएं एवं मंदिर स्थापत्य; पाल वंश, सेन वंश, राष्ट्रकूट वंश, परमार वंश, राज व्यवस्था एवं प्रशासन, सांस्कृतिक पक्ष, सिंध के अरब विजेता; अलबरूनी, कल्याण का चालुक्य वंश, चोल वंश; होयशल वंश, पांड्य वंश, राज व्यवस्था एवं प्रशासन; स्थानीय शासन; कला एवं स्थापत्य का विकास, धार्मिक संप्रदाय; मंदिर एवं मठ संस्थाएं; अग्रहार वंश, शिक्षा एवं साहित्य; अर्थव्यवस्था एवं समाज।

12. **प्रारंभिक भारतीय सांस्कृतिक इतिहास के प्रतिपाद्य ......................................................79-83**
- ❖ भाषाएं एवं मूलग्रंथ, कला एवं स्थापत्य के क्रम विकास के प्रमुख चरण, प्रमुख दार्शनिक चिंतक एवं शाखाएं, विज्ञान एवं गणित के क्षेत्र के विचार।

13. **प्रारंभिक मध्यकालीन भारत, 750-1200..........84-89**
- ❖ राज व्यवस्था: उत्तरी भारत एवं प्रायद्वीप में प्रमुख राजनैतिक घटनाक्रम, राजपूतों का उद्गम एवं उदय।
- ❖ चोल वंश : प्रशासन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं समाज
- ❖ भारतीय सामंतशाही
- ❖ कृषि अर्थव्यवस्था एवं नगरीय बस्तियां
- ❖ व्यापार एवं वाणिज्य

❖ समाजः ब्राह्मण की स्थिति एवं नई सामाजिक व्यवस्था स्त्रियों की स्थिति
❖ भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

**14. भारत की सांस्कृतिक परंपरा, 750-1200.........90-98**
❖ दर्शन: शंकराचार्य एवं वेदांत, रामानुज एवं विशिष्टाद्वैत, मध्य एवं ब्रह्म-मीमांसा।
❖ धर्म: धर्म के स्वरूप एवं विशेषताएं, तमिल भक्ति, संप्रदाय, भक्ति का विकास, इस्लाम एवं भारत में इसका आगमन, सूफी मत।
❖ साहित्यः संस्कृत साहित्य, तमिल साहित्य का विकास, नवविकासशील भाषाओं का साहित्य, कल्हण की राजतरंगिणी, अलबरूनी का इंडिया।
❖ कला एवं स्थापत्य : मंदिर स्थापत्य, मूर्तिशिल्प, चित्रकला।

**15. तेरहवीं शताब्दी............................................99-102**
❖ दिल्ली सल्तनत की स्थापना : गोरी के आक्रमण, गोरी की सफलता के पीछे कारक
❖ आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिणाम
❖ दिल्ली सल्तनत की स्थापना एवं प्रारंभिक तुर्क सुल्तान
❖ सुदृढ़ीकरण : इल्तुतमिश और बलबन का शासन।

**16. चौदहवीं शताब्दी....................................... 103-109**
❖ खिलजी क्रांति।
❖ अलाउद्दीन खिलजी: विज्ञान एवं क्षेत्र-प्रसार, कृषि एवं आर्थिक उपाय।
❖ मुहम्मद तुगलकः प्रमुख प्रकल्प, कृषि उपाय, मुहम्मद तुलगक की अफसरशाही।
❖ फिरोज तुगलक : कृषि उपाय, सिविल इंजीनियरी एवं लोक निर्माण में उपलब्धियां, दिल्ली।
❖ सल्तनत का पतन, विदेशी संपर्क एवं इब्नबतूता का वर्णन।

**17. तेरहवीं एवं चौदहवीं शताब्दी का समाज, संस्कृति एवं अर्थव्यवस्था....................................... 110-119**
❖ समाज: ग्रामीण समाज की रचना; शासी वर्ग, नगर निवासी, स्त्री, धार्मिक वर्ग, सल्तनत के अंतर्गत जाति एवं दास प्रथा; भक्ति आंदोलन, सूफी आंदोलन।
❖ संस्कृति : फारसी साहित्य, उत्तर भारत की क्षेत्रीय भाषाओं का साहित्य; दक्षिण भारत की भाषाओं का साहित्य; सल्तनत स्थापत्य एवं नए स्थापत्य रूप, चित्रकला, सम्मिश्र संस्कृति का विकास।
❖ अर्थव्यवस्था: कृषि उत्पादन, नगरीय अर्थव्यवस्था एवं कृषितर उत्पादन का उद्भव, व्यापार एवं वाणिज्य।

**18. पंद्रहवीं एवं प्रारंभिक सोलहवीं शताब्दी-राजनैतिक घटनाक्रम एवं अर्थव्यवस्था........................ 120-123**
❖ प्रांतीय राजवंशों का उदयः बंगाल, कश्मीर (जैनुल आबदीन), गुजरात, मालवा, बहमनी।
❖ विजयनगर साम्राज्य।
❖ लोदीवंश।
❖ मुगल साम्राज्य, पहला चरण, बाबर एवं हुमायूँ।

**19. पंद्रहवीं एवं प्रारंभिक सोलहवीं शताब्दी : समाज एवं संस्कृति.................................................... 124-127**
❖ क्षेत्रीय सांस्कृतिक विशिष्टताएं।
❖ साहित्यिक परंपराएं।
❖ प्रांतीय स्थापत्य।
❖ विजयनगर साम्राज्य का समाज; संस्कृति, साहित्य और कला।

**20. अकबर..................................................... 128-132**
❖ विजय एवं साम्राज्य का सुदृढ़ीकरण।
❖ जागीर एवं मनसब व्यवस्था की स्थापना।
❖ राजपूत नीति।
❖ धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण का विकास, सुलह-ए-कुल का सिद्धांत एवं धार्मिक नीति।
❖ कला एवं प्रौद्योगिकी को राज-दरबारी संरक्षण।

**21. सत्रहवीं शताब्दी में मुगल साम्राज्य............. 133-142**
❖ जहांगीर, शाहजहां एवं औरंगजेब की प्रमुख प्रशासनिक नीतियां
❖ साम्राज्य एवं जमींदार
❖ जहांगीर, शाहजहां एवं औरंगजेब की धार्मिक नीतियां
❖ मुगल राज्य का स्वरूप
❖ उत्तर सत्रहवीं शताब्दी का संकट का विद्रोह
❖ अहोम साम्राज्य
❖ शिवाजी एवं प्रारंभिक मराठा राज्य

**22. सोलहवीं एवं सत्रहवीं शताब्दी में अर्थव्यवस्था एवं समाज...................................................... 143-150**
❖ जनसंख्या, कृषि उत्पादन, शिल्प उत्पादन
❖ नगर, डच, अंग्रेजी एवं फ्रांसीसी कंपनियों के माध्यम से यूरोप के साथ वाणिज्य, व्यापार क्रांति
❖ भारतीय व्यापारिक वर्ग, बैंकिंग, बीमा एवं ऋण प्रणालियां
❖ किसानों की दशा, स्त्रियों की दशा
❖ सिख समुदाय एवं खालसा पंथ का विकास

**23. मुगल साम्राज्यकालीन संस्कृति.................... 151-160**
❖ फारसी इतिहास एवं अन्य साहित्य
❖ हिंदी एवं अन्य धार्मिक साहित्य
❖ मुगल स्थापत्य
❖ मुगल चित्रकला
❖ प्रांतीय स्थापत्य एवं चित्रकला
❖ शास्त्रीय संगीत
❖ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

**24. अठारहवीं शताब्दी.................................... 161-170**
❖ मुगल साम्राज्य के पतन के कारक
❖ क्षेत्रीय सामंत देश, निजाम का दकन, बंगाल अवध
❖ पेशवा के अधीन मराठा उत्कर्ष,
❖ मराठा राजकोषीय एवं वित्तीय व्यवस्था
❖ अफगान शक्ति का उदय, पानीपत का युद्ध-1761
❖ ब्रिटिश विजय की पूर्व संध्या में राजनीति, संस्कृति एवं अर्थव्यवस्था की स्थिति

# द्वितीय प्रश्न-पत्र


**1. भारत में यूरोप का प्रवेश........................... 171-176**

- प्रारंभिक यूरोपीय बस्तियां; पुर्तगाली एवं डच, अंग्रेजी एवं फ्रांसीसी ईस्ट इंडिया कंपनियां; आधिपत्य के लिए उनके युद्ध; बंगाल-अंग्रेजों एवं बंगाल के नवाब के बीच संपर्क, सिराज और अंग्रेज; प्लासी का युद्ध; प्लासी का महत्व।

**2. भारत में ब्रिटिश प्रसार .............................. 177-182**

- बंगाल-मीर जाफर एवं मीर कासिम, बक्सर युद्ध; मैसूर, मराठा; तीन अंग्रेज-मराठा युद्ध; पंजाब

**3. ब्रिटिश राज्य की प्रारंभिक संरचना............ 183-184**

- प्रारंभिक प्रशासनिक संरचना; द्वैधशासन से प्रत्यक्ष नियंत्रण तक; रेगुलेटिंग एक्ट (1773); पिट्स इंडिया एक्ट (1784); चार्टर एक्ट (1833); मुक्त व्यापार का स्वर एवं ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन का बदलता स्वरूप; अंग्रेजी उपयोगितावादी और भारत।

**4. ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन का आर्थिक प्रभाव........................................................ 185-196**

क) ब्रिटिश भारत में भूमि- राजस्व, बंदोबस्त; स्थायी बंदोबस्त; रैयतवारी बंदोबस्त; महलबारी बंदोबस्त; राजस्व प्रबंध का आर्थिक प्रभाव; कृषि का वाणिज्यीकरण; भूमिहीन कृषि श्रमिकों का उदय; ग्रामीण समाज का परिक्षीणन।

ख) पारंपरिक व्यापार एवं वाणिज्य का विस्थापन; अनौद्योगीकरण; पारंपरिक शिल्प की अवनति; धन का अपवाह; भारत का आर्थिक रूपांतरण; टेलीग्राफ एवं डाक सेवाओं समेत रेल पथ एवं संचार जाल; ग्रामीण भीतरी प्रदेश में दुर्भिक्ष एवं गरीबी; यूरोपीय व्यापार उद्यम एवं इसकी सीमाएं।

**5. सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास ............ 197-200**

- स्वदेशी शिक्षा की स्थिति; इसका विस्थापन; प्राच्चविद्-आंग्लविद् विवाद, भारत में पश्चिमी शिक्षा का प्रादुर्भाव; प्रेस, साहित्य एवं लोकमत का उदय; आधुनिक मातृभाषा साहित्य का उदय; विज्ञान की प्रगति; भारत में क्रिश्चियन मिशनरी के कार्यकलाप।

**6. बंगाल एवं अन्य क्षेत्रों में सामाजिक एवं धार्मिक सुधार आंदोलन ........................................ 201-209**

- राममोहन राय, ब्रह्म आंदोलन; देवेन्द्रनाथ टैगोर; ईश्वरचंद्र विद्यासागर; युवा बंगाल आंदोलन; दयानंद सरस्वती; भारत में सती, विधवा विवाह, बाल विवाह आदि समेत सामाजिक सुधार आंदोलन; आधुनिक भारत के विकास में भारतीय पुनर्जागरण का योगदान; इस्लामी पुनरुद्धारवृत्ति-फराइजी एवं वहाबी आंदोलन।

**7. ब्रिटिश शासन के प्रति भारत की अनुक्रिया:................................................ 210-215**

- रंगपुर ढींग (1783), कोल विद्रोह (1832), मालाबार में मोपला विद्रोह (1841-1920), सन्थाल हुल (1855), नील विद्रोह (1859-60), दकन विप्लव (1875) एवं मुंडा उल्गुलान (1899-1900) समेत 18वीं एवं 19वीं शताब्दी में हुए किसान आंदोलन एवं जनजातीय विप्लव; 1857 का महाविद्रोह-उद्गम, स्वरूप, असफलता के कारण, परिणाम; पश्च 1857 काल में किसान विप्लव के स्वरूप में बदलाव; 1920 और 1930 के दशकों में हुए किसान आंदोलन।

**8. भारतीय राष्ट्रवाद के जन्म के कारक......... 216-228**

- संघों की राजनीति; भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की बुनियाद; कांग्रेस के जन्म के संबंध में सेफ्टी वाल्व का पक्ष; प्रारंभिक कांग्रेस के कार्यक्रम एवं लक्ष्य; प्रारंभिक कांग्रेस नेतृत्व की सामाजिक रचना; नरम दल एवं गरम दल; बंगाल का विभाजन (1905), बंगाल में स्वदेशी आंदोलन; स्वदेशी आंदोलन के आर्थिक एवं राजनैतिक परिप्रेक्ष्य; भारत में क्रांतिकारी उग्रपंथ का आरंभ।

**9. गांधी का उदय......................................... 229-234**

- गांधी के राष्ट्रवाद का स्वरूप; गांधी का जनाकर्षण; रोलेट सत्याग्रह; खिलाफत आंदोलन; असहयोग आंदोलन समाप्त होने के बाद में सविनय अवज्ञा आंदोलन के प्रारंभ होने तक की राष्ट्रीय राजनीति; सविनय अवज्ञा आंदोलन के दो चरण; साइमन कमीशन; नेहरू रिपोर्ट; गोलमेज परिषद्, राष्ट्रवाद और किसान आंदोलन; राष्ट्रवाद एवं श्रमिक वर्ग आंदोलन; महिला एवं भारतीय युवा और भारतीय राजनीति में छात्र (1885-1947); 1937 का चुनाव तथा मंत्रालयों का गठन; क्रिप्स मिशन; भारत छोड़ो आंदोलन; वैवेल योजना; कैबिनेट मिशन

**10. औपनिवेशिक भारत में संवैधानिक विकास......235-237**

- 1858 और 1935 के मध्य।

**11. राष्ट्रीय आंदोलन की अन्य कड़ियां ............ 238-241**

- क्रांतिकारी; बंगाल, पंजाब, महाराष्ट्र, यू.पी., मद्रास प्रदेश, भारत से बाहर, वामपंथ; कांग्रेस के अंदर का वाम पक्ष; जवाहर लाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, कांग्रेस समाजवादी पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, अन्य वामदल।

**12. अलगाववाद की राजनीति..................................242**

- मुस्लिम लीग; हिन्दू महासभा; सांप्रदायिकता एवं विभाजन की राजनीति; सत्ता का हस्तांतरण; स्वतंत्रता।

**13. एक राष्ट्र के रूप में सुदृढ़ीकरण .............. 243-249**

- नेहरू की विदेश नीति; भारत और उसके पड़ोसी (1947-1964); राज्यों का भाषावाद पुनर्गठन (1935-1947); क्षेत्रीयतावाद एवं क्षेत्रीय असमानता; भारतीय रियासतों का एकीकरण; निर्वाचन की राजनीति में रियासतों के नरेश (प्रिंस); राष्ट्रीय भाषा का प्रश्न।

14. **1947 के बाद जाति एवं नृजातित्व............ 250–251**
- उत्तर-औपनिवेशिक निर्वाचन-राजनीति में पिछड़ी जातियां एवं जनजातियां; दलित आंदोलन।

15. **आर्थिक विकास एवं राजनैतिक परिवर्तन... 252–255**
- भूमि सुधार; योजना एवं ग्रामीण पुनर्रचना की राजनीति; उत्तर औपनिवेशिक भारत में पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण नीति; विज्ञान की तरक्की।

16. **प्रबोध एवं आधुनिक विचार ...................... 256–264**
(i) प्रबोध के प्रमुख विचार; कांट, रूसो
(ii) उपनिवेशों में प्रबोध – प्रसार
(iii) समाजवादी विचारों का उदय (मार्क्स तक); मार्क्स के समाजवाद का प्रसार

17. **आधुनिक राजनीति के मूल स्त्रोत................ 265–273**
(i) यूरोपीय राज्य प्रणाली
(ii) अमेरिकी क्रांति एवं संविधान
(iii) फ्रांसीसी क्रांति एवं उसके परिणाम, 1789–1815
(iv) अब्राहम लिंकन के संदर्भ के साथ अमेरिकी सिविल युद्ध एवं दासता का उन्मूलन।
(v) ब्रिटिश गणतंत्रात्मक राजनीति, 1815–1850; संसदीय सुधार, मुक्त व्यापारी, चार्टरवादी।

18. **औद्योगीकरण............................................ 274–281**
(i) अंग्रेजी औद्योगिकी क्रांति: कारण एवं समाज पर प्रभाव
(ii) अन्य देशों में औद्योगीकरण; यू.एस.ए., जर्मनी, रूस, जापान
(iii) औद्योगीकरण एवं भूमंडलीकरण

19. **राष्ट्र राज्य प्रणाली.................................... 282–290**
(i) 19वीं शताब्दी में राष्ट्रवाद का उदय
(ii) राष्ट्रवाद: जर्मनी और इटली में राज्य निर्माण
(iii) पूरे विश्व में राष्ट्रीयता के आविर्भाव के समक्ष साम्राज्यों का विघटन

20. **साम्राज्यवाद एवं उपनिवेशवाद .................. 291–298**
(i) दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशिया
(ii) लातीनी अमरीका एवं दक्षिण अफ्रीका
(iii) ऑस्ट्रेलिया
(iv) साम्राज्यवाद एवं मुक्त व्यापार: नव साम्राज्यवाद का उदय

21. **क्रांति एवं प्रतिक्रांति.................................. 299–311**
(i) 19वीं शताब्दी यूरोपीय क्रांतियां
(ii) 1917–1921 की रूसी क्रांति
(iii) फासीवाद प्रतिक्रांति, इटली एवं जर्मनी
(iv) 1949 की चीनी क्रांति

22. **विश्व युद्ध ................................................ 312–316**
(i) संपूर्ण युद्ध के रूप में प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्ध: समाजीय निहितार्थ
(ii) प्रथम विश्व युद्ध : कारण एवं परिणाम
(iii) द्वितीय विश्व युद्ध : कारण एवं परिणाम

23. **द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का विश्व ........ 317–328**
(i) दो शक्तियों का आविर्भाव
(ii) तृतीय विश्व एवं गुटनिरपेक्षता का आविर्भाव
(iii) संयुक्त राष्ट्र संघ एवं वैश्विक विवाद

24. **औपनिवेशिक शासन से मुक्ति.................. 329–337**
(i) लातीनी अमरीका-बोलीवी
(ii) अरब विश्व-मिस्र
(iii) अफ्रीका-रंगभेद से गणतंत्र तक
(iv) दक्षिण पूर्व एशिया-वियतनाम

25. **वि-औपनिवेशीकरण एवं अल्पविकास ....... 338–342**
विकास के बाधक कारक : लातीनी अमरीका, अफ्रीका

26. **यूरोप का एकीकरण................................. 343–345**
(i) युद्धोत्तर स्थापनाएं; NATO एवं यूरोपीय समुदाय (यूरोपियन कम्युनिटी)
(ii) यूरोपीय समुदाय (यूरोपियन कम्युनिटी) का सुदृढ़ीकरण एवं प्रसार
(iii) यूरोपीय संघ

27. **सोवियत यूनियन का विघटन एवं एक ध्रुवीय विश्व का उदय.................................................. 346–350**
(i) सोवियत साम्यवाद एवं सोवियत यूनियन को निपात (पतन) तक पहुंचाने वाले कारक, 1985–1991
(ii) पूर्वी यूरोप में राजनैतिक परिवर्तन 1989–2001
(iii) शीत युद्ध का अंत एवं अकेली महाशक्ति के रूप में US का उत्कर्ष

## प्रथम प्रश्न-पत्र

# मानचित्र

**प्रश्नः आपको दिए गए मानचित्र पर अंकित निम्नलिखित स्थानों की पहचान कीजिए एवं अपनी प्रश्न-सह- उत्तर पुस्तिका में उनमें से प्रत्येक पर लगभग 30 शब्दों की संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। मानचित्र पर अंकित प्रत्येक स्थान के लिए स्थान निर्धारण संकेत क्रमानुसार नीचे दिए गए हैं:**

(i) नवपाषाणिक स्थाल
(ii) मध्यपाषाणिक स्थल
(iii) पुरापाषाणिक स्थल
(iv) प्रस्तर कलाकृति युक्त नवपाषाणिक स्थल
(v) सिंधु घाटी सभ्यता स्थल
(vi) अग्निकुण्ड युक्त प्रारंभिक हड़प्पीय स्थल
(vii) उत्तर हड़प्पीय स्थल
(viii) गेरुए रंग के मृद्भांड (OCP) स्थल
(xi) मध्यपाषाणिक स्थल
(x) महापाषाणिक स्थल
(xi) दक्षिण भारत का महाजनपद
(xii) बुद्ध का महापरिनिर्वाण स्थल
(xiii) अशोक का प्रमुख शिलालेख
(xvi) अशोक का लघु शिलालेख
(xv) मौर्यों का व्यापारिक केन्द्र
(xvi) शक-कुषाण सिक्कों का जखीरा
(xvii) अश्वमेघ यज्ञ वर्णित एक अभिलेख

**( सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2025 )**



(xviii) मौर्योत्तर कालीन पकी ईटों का गृह स्थल
(xix) मौर्योत्तर कालीन टेराकोटा शिल्प केन्द्र
(xx) पल्लवकालीन महत्त्वपूर्ण बंदरगाह

**(i) नवपाषाणिक स्थल (बुर्जहोम)**

बुर्जहोम की खोज 1935 ई. में डी. टेरा एवं पीटरसन द्वारा की गई थी, वर्ष 1960 में पुरात विभाग ने इसकी खुदाई का कार्य शुरू किया।

- यहाँ से हसुली, खुरपी, छेनी, कुदाल के प्राप्त हुए तथा इसी के साथ भेड़-बकरी आदि की हड्डियों के साक्ष्य भी मिले।
- शवाधान के साक्ष्यों में मानव के साथ कुत्ते को दफनाए जाने के साक्ष्य भी प्राप्त हुए हैं।

**(ii) मध्यपाषाणिक स्थल (बागोर)**

बागोर राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में कोठारी नदी के तट पर स्थित है।

- बागोर भारत में खोजा गया सबसे बड़ा मध्यपाषाणिक स्थल है। यहां व्यापक स्तर पर खुदाई की गई है।
- यहां से मानव द्वारा पशुपालन (भेड़, बकरी, आदि) के सबसे पुराने साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। उत्खनन में सूक्ष्म पाषाण उपकरणों के अलावा, मानव कंकाल, मिट्टी के बर्तन और बाद के स्तरों में तांबे के उपकरण भी मिले हैं, जो यह दर्शाते हैं कि यहां कई सांस्कृतिक स्तरों पर निवास था।

**(iii) पुरापाषाणिक स्थल (ऐहोले)**

कर्नाटक के बागलकोट जिले में स्थित ऐहोले एक ऐतिहासिक मंदिर परिसर है। यह स्थान चालुक्य साम्राज्य की पहली राजधानी था।

- गाँव में पाए गए 125 प्राचीन मंदिरों को पुरातत्व विभाग ने 22 समूहों में वर्गीकृत किया है।
- ऐहोले में पूर्व-चालुक्य काल से संबंधित ईंटों के ढांचे भी प्राप्त हुए हैं। यहाँ के मंदिरों की वास्तुकला विभिन्न स्थापत्य शैलियों के उत्कृष्ट मिश्रण को दर्शाती है।

**(iv) प्रस्तर कलाकृति युक्त नवपाषाणिक स्थल (महगड़ा)**

महगड़ा नवपाषाण काल का पुरास्थल है, जो उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जिले की मेजा तहसील के पहाड़ी क्षेत्र में बेलन नदी के दाहिनी तट पर स्थित है, जो इलाहाबाद से 85 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

- महगड़ा सन् 1975-76 में इस पुरास्थल की खोज हुई थी।
- महगड़ा के उत्खन्न से धान की कृषि के संकेत मिले हैं।
- गाय, बैल, भैंस, बकरियाँ आदि यहाँ के लोगों के पालतू पशु थे और हिरण तथा जंगली सुअर का ये शिकार करते थे।

**(v) सिंधु घाटी सभ्यता स्थल (लोथल)**

लोथल प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता के शहरों में से एक बहुत ही महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर था। लगभग 2400 ईसापूर्व पुराना यह शहर भारत के राज्य गुजरात के भाल क्षेत्र में स्थित है और इसकी खोज सन 1954 में हुई थी।

- लोथल को मिनी हडप्पा के नाम से भी जाना जाता है।
- लोथल बंदरगाह जो कि विश्व की प्राचीनतम ज्ञात गोदी है, सिंध में स्थित हड़प्पा के शहरों और सौराष्ट्र प्रायद्वीप के बीच बहने वाली साबरमती नदी की प्राचीन धारा के द्वारा शहर से जुड़ी थी, जो इन स्थानों के मध्य एक व्यापार मार्ग था।

**(vi) अग्निकुण्ड युक्त प्रारंभिक हड़प्पीय स्थल (बनावली)**

बनावली हरियाणा के हिसार जिले में रंगोई नदी के सूखे तल के पास स्थित है। बनावली से भी अग्नि-वेदिकाओं के प्रमाण मिले हैं।

- ये वेदिकाएँ किले के दक्षिणी भाग में पाई गई हैं और ये सामुदायिक अनुष्ठानों से जुड़ी मानी जाती हैं।
- उत्खनन के दौरान, कई कमरों वाला एक घर, एक रसोई, एक शौचालय और एक जार मिला, जिसे वॉश बेसिन माना जाता है।
- कई मुहरों और बाटों से पता चलता है कि यह घर किसी व्यापारी का हो सकता है।

**(vii) उत्तर हड़प्पीय स्थल (आलमीरपुर)**

पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में यमुना की सहायक हिण्डन नदी पर स्थित इस पुरास्थल की खोज 1958 में 'यज्ञदत्त शर्मा' द्वारा की गयी।

- आलमीरपुर गंगा-यमुना में पहला स्थल था जहां से हड़प्पा कालीन अवशेष प्रकाश में आए थे।
- यह हड़प्पा संस्कृति का सर्वाधिक पूर्वी पुरास्थल हैं। यह स्थल सैंधव सभ्यता की अन्तिम अवस्था को सूचित करता है।
- यहाँ मिट्टी के बर्तन, मनके एवं पिण्ड मिले है। यहाँ एक गर्त से रोटी बेलने की चौकी तथा कटोरे के टुकड़े प्राप्त हुए है। किन्तु मातृदेवी की मूर्ति और मुद्राएँ नहीं मिली है।

**(viii) गेरुए रंग के मृदभांड (OCP) स्थल (हस्तिनापुर)**

हस्तिनापुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में स्थित एक अत्यंत महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थल है, और यह ओसीपी (Ochre Coloured Pottery) संस्कृति के प्रमुख स्थलों में से एक है।

- हस्तिनापुर में उत्खनन (excavation) में गेरू रंग के मृदभांड (OCP) प्राप्त हुए हैं।
- यह मृदभांड संस्कृति लगभग 2000 ईसा पूर्व से 1500 ईसा पूर्व के बीच की है और इसे कुछ विद्वानों द्वारा हड़प्पा संस्कृति के पतन के बाद गंगा-यमुना दोआब क्षेत्र में फैली एक समकालीन संस्कृति माना जाता है।
- ओसीपी के बाद, हस्तिनापुर में चित्रित धूसर मृदभांड (Painted Grey Ware - PGW) संस्कृति के भी प्रमाण मिले हैं।

**(ix) मध्यपाषाणिक स्थल (मालमपल्ला)**

केरल में वर्षा जल संचयन परियोजना के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में महापाषाणकालीन कलशों की खोज हुई।

- यह खोज नेनमारा वन प्रभाग में कुंडलिक्कड़ पहाड़ी (जिसे मालमपल्ला या मलप्पुरम पहाड़ी के नाम से भी जाना जाता है) पर हुई।
- कलश दफन में मृत व्यक्ति के अवशेषों को मृद्भांड या कलश में रखकर दफना दिया जाता था।
- यह खोज मध्यपाषाण काल (इस स्थल पर सूक्ष्मपाषाण काल की

# 1 स्रोत : पुरातात्विक एवं साहित्यिक स्रोत

**प्रश्न: प्राचीन भारतीय इतिहास के स्रोत के रूप में विदेशी विवरण के कुछ लाभ हो सकते हैं, परन्तु इनमें कतिपय कमियां भी थीं। उपयुक्त उदाहरणों का हवाला देते हुए इस कथन का परीक्षण कीजिए। (सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2022)**

**उत्तर:** प्राचीन भारत के इतिहास की जानकारी के लिए भारत में आए विदेशी यात्रियों का वर्णन भी विशेष महत्त्वपूर्ण है। इन विदेशियों से भारत की अतिशयोक्तिपूर्ण प्रशंसा नहीं की जा सकती। उनके वर्णन अधिकांशत: निष्पक्ष दिखाई देते हैं, किन्तु भारतीय समाज व उसकी भाषा की जानकारी न होने के कारण उन्होंने कुछ स्थानों पर कल्पित बातें भी लिखी हैं। कुल मिलाकर ये वृत्तान्त भारतीय इतिहास के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। इन यात्रियों में (A) ईरानी, (B) यूनानी, (C) चीनी व (D) मुस्लिम यात्रियों के वृत्तान्त मिलते हैं, जो उस काल की भारत की परिस्थिति का सजीव चित्र उपस्थित करते हैं।

(A) **ईरानी यात्री**–जब भारत की समृद्धि की चर्चा पश्चिमी देशों में जोर-शोर से होने लगेगी तो ईरान के राजा ने ई. पूर्व छठी शताब्दी के प्रारम्भ में स्काईलैक्स नामक विद्वान को भारत भेजा, उसने सेना सहित भारत आकर यहां की भौगोलिक स्थिति का अध्ययन किया। उसका भारत वृत्तान्त बड़ा रोचक है।

- इतना ही नहीं ईरान के सम्राट डेरियम ने भी भारत के बारे में लेख लिखे हैं। इन लेखों से भारत तथा ईरान के सम्बन्धों पर प्रकाश पड़ता है।
- भारतवासियों की युद्ध कला को व यहां की खेती का भी वर्णन उसके लेखों में विद्यमान है। ईरान के राजवैद्य टेशियस ने भी भारत का वर्णन किया है, किन्तु वह अधिक विश्वसनीय नहीं है।

(B) **यूनानी यात्री**–सिकन्दर के साथ आए विद्वानों के भारत वर्णन अधिक विश्वसनीय व उपयोगी हैं। इनमें नियार्कस (NEARCKUS) नामक एक जन सेनापति था, दूसरा विद्वान सह-नाविक एरिस्टोबुलस (ARISTOBULUS) था, जिसने अपनी वृद्धावस्था में अपनी यात्रा का वर्णन लिखा है, किन्तु उनके वृत्तान्त अब उपलब्ध नहीं हैं।

- सिकन्दर की मृत्यु के पश्चात् उसके सेनापति सेल्युकस ने उसके पूर्वी साम्राज्य पर अधिकार कर लिया था। उसने भारत में मौर्य सम्राटों के दरबार में अपने राजदूत भेजे।
- चन्द्रगुप्त मौर्य से पराजित होकर उसने सन्धि कर ली और मेगस्थनीज (MEGASTHENES) को राजदूत बनाकर भेजा। वह लम्बे समय तक भारत में रहा और अपने ग्रन्थ 'इण्डिका' में भारत के शासन प्रबन्ध तथा भारतीय सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला, यद्यपि अब यह पुस्तक उपलब्ध नहीं है। किन्तु बाद के लेखकों–एरियन, अप्पियन (APPIAN), स्ट्रैबो व जस्टिन आदि ने मेगस्थनीज की पुस्तक से अनेक उद्धरण लिए हैं।
- एरियन के ग्रन्थों का ऐतिहासिक महत्त्व अधिक है। टॉलमी (PTOLOMY) ने भारत के भूगोल तथा प्लिनी ने पशुओं व वनस्पति का वर्णन किया है।

(C) **चीनी यात्री**–अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए अनेक धर्म प्रचारक मध्य एशिया में भेजे। जहां से भारतीय संस्कृति व बौद्ध धर्म का प्रचार सम्पूर्ण चीन में हो गया और चीनी लोग भारत को बड़े आदर से धर्म भूमि समझने लगे। अपनी धार्मिक जिज्ञासा को शान्त करने तथा बौद्ध धर्म के साहित्य का अध्ययन करने के लिए अनेक चीनी यात्री भारत आए और वह लम्बे समय तक यहीं रहे। यद्यपि उनके वृत्तान्त अधिकांशत: धार्मिक हैं, किन्तु उनमें तत्कालीन सामाजिक व राजनीतिक स्थिति की भी जानकारी मिलती है। यद्यपि इन जानकारियों के ऐतिहासिक प्रमाण पर इतिहासकारों में विभेद है।

- चीनी यात्रियों में सर्वाधिक महत्त्व फाहियान, ह्वेनसांग तथा इत्सिंग का है। फाहियान के द्वारा चन्द्रगुप्त द्वितीय के काल के भारत का वर्णन मिलता है। वह मूलत: धार्मिक वर्णन तक अपने को सीमित रखता है, फिर भी उसके वृत्तान्त का पर्याप्त ऐतिहासिक महत्त्व है।
- ह्वेनसांग सम्राट हर्ष के काल में भारत आया, लम्बे समय तक भारत में रहा। उसने धार्मिक वर्णन के साथ-साथ तत्कालीन भारत की सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक स्थिति का भी वर्णन किया है।
- इत्सिंग सातवीं शताब्दी में भारत आया और बहुत समय तक विक्रमशिला व नालन्दा विश्वविद्यालयों में अध्ययन करता रहा। उसने भी उस समय की सामाजिक और धार्मिक परिस्थितियों का वर्णन किया है।
- तिब्बती लेखकों में लामातारा नाम प्रसिद्ध है। उनके ग्रन्थों 'कंग्युर' तथा 'तंग्युर' में भारत का वर्णन मिलता है।

(D) **मुस्लिम यात्री**–नवीं शताब्दी के मध्य में एक अरब यात्री सुलेमान भारत आया, उसके वृत्तान्त में पाल व प्रतिहार

# 2 प्रागैतिहास एवं आद्य इतिहास

**प्रश्न. "ताम्रपाषाणिक संस्कृति के लोग लघुपाषाणिक उपकरण में विशेषज्ञ थे और साथ ही प्रस्तर कार्य के कुशल कारीगर भी थे।" स्पष्ट कीजिए।**

**( सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2025 )**

**उत्तर:** ताम्रपाषाण संस्कृति, जिसे "पत्थर-तांबा चरण" के नाम से भी जाना जाता है, तांबे और पत्थर का उपयोग किया जाना इसकी विशेषता थी और यह भारत में लगभग 2000 ईसा पूर्व से 700 ईसा पूर्व तक चली। ताम्रपाषाणिक (Chalcolithic) संस्कृति (लगभग 3500 ईसा पूर्व से 1000 ईसा पूर्व) एक संक्रमणकालीन चरण (Transitional Phase) था, जहाँ लोगों ने तांबे (Copper) का उपयोग शुरू कर दिया था, लेकिन वे अभी भी दैनिक कार्यों के लिए पत्थर के उपकरणों पर बहुत अधिक निर्भर थे। उनकी विशेषज्ञता दो मुख्य क्षेत्रों में स्पष्ट थी:

**1. लघुपाषाणिक उपकरण की विशेषज्ञता**

ताम्रपाषाणिक लोग, खासकर शिकार करने और फसल काटने के कार्यों के लिए, लघुपाषाणिक तकनीक में अत्यधिक कुशल थे:

- चूंकि तांबा अपेक्षाकृत दुर्लभ और महंगा था, इसलिए रोजमर्रा के काम के लिए क्वार्ट्ज, चर्ट और कैल्सिडोनी जैसे स्थानीय पत्थरों से बने छोटे, तेज औजारों का उपयोग जारी रहा।
- **कुशलता के प्रमाण:** वे विशेष रूप से निम्नलिखित सूक्ष्म, ज्यामितीय आकार के उपकरण बनाने में विशेषज्ञ थे:
- **तेज ब्लेड (Blades)** : लंबी, पतली और धारदार पत्तियाँ।
- **लूनेट्स (Lunes), ट्रैपीज (Trapezes) और त्रिकोण (Triangles):** इन छोटे टुकड़ों को लकड़ी या हड्डी के हत्थों में जड़कर मिश्रित औजार (Composite Tools) जैसे दरांती (sickles) या भाले के अग्रभाग बनाए जाते थे।

**2. प्रस्तर कार्य में कुशल कारीगर**

लघुपाषाणिक उपकरणों के अलावा, ताम्रपाषाणिक समुदायों ने अन्य प्रकार के प्रस्तर (पत्थर) कार्यों में भी दक्षता दिखाई:

- **कीमती पत्थर के मनके (Precious Stone Beads):** वे कार्नेलियन, जैस्पर, एगेट और स्टीटाइट जैसे अर्ध-कीमती पत्थरों को तराशकर सुंदर और बारीक मनके (Beads) बनाने में निपुण थे। इन मनकों को अत्यधिक पॉलिश किया जाता था और उनमें बारीक छेद (drilling) किए जाते थे, जो उनकी उन्नत कारीगरी का प्रमाण है।
- **पॉलिश किए गए उपकरण:** उन्होंने नवपाषाण काल की परंपरा को जारी रखते हुए पॉलिश किए गए पत्थर के औजार, विशेषकर कुल्हाड़ियाँ और छेनियाँ, बनाना जारी रखा।

**निष्कर्ष:**

अतः, ताम्रपाषाणिक संस्कृति धातु और पत्थर प्रौद्योगिकी का एक सफल संगम थी, जहाँ तांबे की शुरुआत के बावजूद, पत्थर के औजारों, विशेषकर लघुपाषाणिक और सजावटी पत्थरों के कार्य में उनकी दक्षता बनी रही और विकसित हुई।

**प्रश्नः 'नवपाषाण युग में हुए महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों के कारण यह युग एक क्रांति का प्रतिनिधित्व करता है।" परीक्षण कीजिए।**

**( सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2023 )**

**उत्तर:** नवपाषाण काल की शुरुआत लगभग 10,000 वर्ष पूर्व हुई थी। नवपाषाण युग, मानव इतिहास में एक महत्वपूर्ण अवधि थी, जिसमें खानाबदोश, शिकारी संग्रहकर्ता जीवनशैली से स्थायी कृषि और पशुओं को पालतू बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। इस परिवर्तन से मानव समाज के विभिन्न पहलुओं में गहरा परिवर्तन आया। गॉर्डन चाइल्ड के शब्दों में "नवपाषाण क्रांति ने मनुष्य के अनुभवों के आपसी आदान-प्रदान और वितरण की प्रवृत्ति को तीव्रता प्रदान की"।

**नवपाषाण युग की प्रमुख विशेषताएं**

- **शिकारी से कृषक जीवन की ओर बदलाव:** शिकार और संग्रहण से कृषि की ओर स्थानांतरण ने मनुष्यों द्वारा अपना भोजन प्राप्त करने के तरीके में एक बुनियादी बदलाव ला दिया। उदाहरण के लिए- गेहूं, जौ जैसी फसलों तथा बकरी और भेड़ जैसे जानवरों को पालतू बनाने से स्थायी बस्तियों के विकास में मदद मिली।
- **स्थायी जीवन शैली:** मानव एक ही स्थान पर बसने लगा, जिससे गांवों की स्थापना हुई और बाद में जटिल शहरी सभ्यता विकसित हुई। उदाहरण के लिए- आधुनिक टर्की में चौटलहोयुक (सबसे प्रारंभिक ज्ञात नवपाषाणकालीन बस्तियों में से एक है।
- **नवाचारों को अपनाना:** नवपाषाण काल के लोगों ने नई तकनीकों और नवाचारों को अपनाया। इस युग में पॉलिश किए गए पत्थर के औजार, मिट्टी के बर्तन और बुनाई जैसे नए उपकरणों व प्रौद्योगिकियों का विकास देखा गया।
    - उदाहरण के लिए, भोजन और पानी के भंडारण और परिवहन के लिए मिट्टी के बर्तनों का उपयोग आरम्भ किया गया। तदनुसार कई परिवर्तन हुए, जिसमें कृषि की ओर रुख करने से अधिशेष खाद्य उत्पादन हुआ, जिससे बड़ी आबादी के लिए खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सका और सामाजिक पदानुक्रम का उदय हुआ।
- **सांस्कृतिक विकास:** नवपाषाण युग में कला, धार्मिक प्रथाओं और प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व का उदय हुआ। उदाहरण के लिए लास्कॉक्स (फ्रांस) जैसे स्थानों में गुफा चित्र, कलात्मक अभिव्यक्ति के प्रारंभिक रूपों की अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।

# 4 महापाषाणयुगीन संस्कृतियां

**प्रश्नः भारत में विभिन्न प्रकार की महापाषाणिक शवाधान प्रथाओं पर चर्चा कीजिए। इससे प्राप्त पुरातात्त्विक साक्ष्य हमें धार्मिक मान्यताओं और सांस्कृतिक प्रथाओं को जानने में कितनी मदद करते हैं? (सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2024)**

**उत्तरः** मेगालिथ प्राचीन काल में निर्मित विशाल पत्थर की संरचनाएं हैं। ये मुख्य रूप से दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर भारत सहित भारत के विभिन्न भागों में पाए जाने वाले दफन स्थल हैं।

**मेगालिथ के कुछ सबसे प्रचलित प्रकारः**

- **मेनहिरः** मेनहिर सबसे सरल प्रकार के मेगालिथ पाए जाते हैं। वे बड़े सीधे पत्थर हैं जिन्हें प्राचीन लोगों द्वारा जमीन में लंबवत रखा गया था। मेनहिर का उपयोग धार्मिक या सांस्कृतिक उद्देश्यों के लिए किया जाता था।
- **डोलमेन्सः** डोलमेन्स मेगालिथ का एक और मुख्य प्रकार है। इनमें दो या दो से अधिक सीधे खड़े पत्थर होते हैं जो एक सपाट कैपस्टोन को सहारा देते हैं। प्राचीन भारतीयों द्वारा डोलमेन्स का उपयोग दफन कक्षों के रूप में किया जाता था।
- **केयर्नः** इस प्रकार के मेगालिथ शंक्वाकार आकार के होते हैं। ये मुख्य रूप से ऊंचे इलाकों, दलदली भूमि, पर्वत शिखरों और आस-पास के जलमार्गों में पाए जाते हैं।
- **क्रोम्लेचः** ये प्राचीन लोगों द्वारा बनाए गए बड़े पत्थरों से बने गोलाकार ढांचे हैं। इनका उपयोग अनुष्ठानों, धार्मिक अनुष्ठानों और सामाजिक समारोहों के लिए किया जाता था।
- **स्टोन सर्कलः** यह पत्थरों को एक घेरे में खड़ा करके बनाया जाता है। पत्थरों की व्यवस्था एक वृत्त या दीर्घवृत्त का आकार ले सकती है।

**धार्मिक विश्वासों और सांस्कृतिक प्रथाओं के बारे में मेगालिथ से प्राप्त जानकारीः**

- **परलोक में विश्वासः** दफन गड्ढे छोटे गड्ढे होते हैं जो कैपस्टोन से ढके होते हैं। इनका इस्तेमाल प्राचीन लोगों को परलोक के सामान के साथ दफनाने के लिए किया जाता था। कई प्राचीन भारतीयों को मेगालिथिक दफन गड्ढों में दफनाया गया था।
- **पूजा और अनुष्ठानों के लिए उपयोगः** पत्थर के घेरे प्राचीन भारतीयों द्वारा बनाए गए बड़े पत्थरों की गोलाकार व्यवस्था हैं। इनका उपयोग सूर्य पूजा, प्रकृति पूजा और ज्योतिष से संबंधित विभिन्न अनुष्ठानों को करने के लिए किया जाता था।
- **मेगालिथिक लोगों का कौशलः** मेगालिथ बनाने वाले लोग पत्थरों और हड्डियों से बने सरल औजारों का इस्तेमाल करते थे। उन्होंने पत्थरों को काटकर उन्हें आकार दिया और मेगालिथ के रूप में विशाल संरचनाओं का निर्माण किया। यह उनके कौशल, सहयोग और संगठन को दर्शाता है।
- **लोहे का प्रयोगः** अनेक महापाषाण स्थलों से लोहे के औजार मिले हैं, जिससे पता चलता है कि इस काल में लोहे का प्रयोग प्रचलित था।

भारत की मेगालिथिक संस्कृति एक अनूठी सांस्कृतिक प्रणाली थी जो अन्य समकालीन संस्कृतियों के साथ विद्यमान थी, लेकिन इसके अनूठे पहलू इसे अन्य संस्कृतियों के बीच सबसे महत्वपूर्ण बनाते हैं

**प्रश्न. क्या महापाषाण को एकल, समरूप अथवा समकालीन संस्कृति का प्रतिनिधि मानना उपयुक्त होगा? महापाषाण-कालीन संस्कृतियों से किस प्रकार के भौतिक जीवन व सांस्कृतिक व्यवस्था का पता चलता है?**

**(सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2021)**

**उत्तरः** महापाषाण कालीन संस्कृति से तात्पर्य उस काल से है, जब मृतकों को आबादी क्षेत्र से दूर कब्रिस्तानों में पत्थरों के बीच दफनाया जाता था। दक्षिण भारत में इस प्रकार से मृतकों को दफनाने की परम्परा लौह युग के साथ आरम्भ हुई। इस महापाषाण कालीन संस्कृति की सूचना हमें उनकी यथार्थ बस्ती से कम तथा कब्रों से ज्यादा मिलती है।

इस युग की भौतिक संस्कृति बर्तनों, पत्थर के औजारों, ताम्र/कांस्य की वस्तुओं तथा अन्य वस्तुओं पर आधारित थी। प्रथम चरण (2500 से 1800 C.E.) के बर्तन मुख्यतः हाथ से बनाए गए सलेटी अथवा मटमैले भूरे होते थे। सलेटी बर्तनों की विशेषता बर्तनों को पकाने के बाद उन पर लाल गेरू से रंगाई करना थी। इन बर्तनों में से कुछ ऐसे हैं जिनके पाए खोखले तथा वृत्ताकार हैं जो कि हड़प्पा पूर्व आमरी तथा कालीबंगन में मिले बर्तनों की किस्मों से मिलते-जुलते हैं।

प्रथम चरण से संबंधित मृद्भाण्ड की एक अन्य किस्म में चमकाए हुए काले एवं लाल बाह्य भाग वाले बर्तन जो बैंगनी रंग से रंगे जाते थे, मिलते हैं। द्वितीय चरण (1800-1500 C.E.) में चमकाए हुए काली एवं लालधारी वाले बर्तनों का चलन समाप्त हो जाता है और एक अन्य किस्म सामने आती है।

यह किस्म छिद्रित तथा टोटी वाले बर्तनों की है। मृद्भाण्ड तैयार करने में बाहरी भाग को खुरदरा बनाने की तकनीक अपनाई जाती थी

# 5 आर्य एवं वैदिक काल

**प्रश्न: "प्रादेशिक गणराज्यों की उत्पत्ति उत्तर वैदिक काल में विकसित जीवन पद्धति के विरुद्ध प्रतिक्रिया में देखी गई है।" विश्लेषण कीजिए।**

**( सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2025 )**

**उत्तर:** यह कथन छठी-पाँचवीं शताब्दी ईसा पूर्व में उत्तर वैदिक काल (लगभग 1000-600 ईसा पूर्व) के सामाजिक-राजनीतिक और सांस्कृतिक स्वरूपों की प्रतिक्रियास्वरूप प्रादेशिक गणराज्यों (गणराज्यों या संघों) के उदय पर प्रकाश डालता है। इस काल में, 16 महाजनपदों का उदय हुआ, जिनमें राजतंत्र (जैसे, मगध, कोसल, अवंती) का प्रभुत्व था, जबकि गणराज्य (जैसे, वज्जि, मल्ल, लिच्छवि, शाक्य) पूर्वी गंगा के मैदानों और हिमालय की तलहटी में केंद्रित थे। साहित्यिक स्रोत (बौद्ध पाली ग्रंथ, जैन आगम) और पुरातात्विक साक्ष्य इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं, लेकिन इसकी उत्पत्ति बहुक्रियात्मक थी—प्रतिक्रिया, जनजातीय निरंतरता और आर्थिक कारकों का मिश्रण। विश्लेषण इस कथन की वैधता का मूल्यांकन करता है।

**उत्तर वैदिक काल की राजतंत्रात्मक प्रवृत्ति**

उत्तर वैदिक काल (लगभग 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व) की मुख्य विशेषताएँ, जिनके विरुद्ध गणराज्यों की प्रतिक्रिया हुई, निम्नलिखित थीं:

- **स्थायी राजतंत्र का उदय:** इस काल में राजा का पद वंशानुगत (Hereditary) हो गया और उसका प्रभाव बढ़ता गया। यज्ञों (जैसे राजसूय और अश्वमेघ) के माध्यम से राजाओं ने अपनी शक्ति को दैवीय (Divine) और क्षेत्रीय (Territorial) रूप से मजबूत किया।
- **अधिकार का केंद्रीकरण:** शक्ति का केंद्रीकरण राजा के हाथों में हो गया। मंत्रिपरिषद जैसी संस्थाओं का महत्व कम हुआ, जिससे शासक वर्ग और आम लोगों के बीच की दूरी बढ़ी।
- **कठोर वर्ण व्यवस्था:** समाज में ब्राह्मणों और क्षत्रियों का प्रभुत्व बढ़ा। वर्ण व्यवस्था अत्यधिक कठोर हो गई, जिससे वैश्य और शूद्रों के सामाजिक व आर्थिक अधिकारों पर प्रतिबंध लगा। वैश्य, जो बढ़ते व्यापार के कारण आर्थिक रूप से समृद्ध थे, सामाजिक प्रतिष्ठा से वंचित थे।
- **जटिल कर्मकांड:** यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठान अत्यंत जटिल, महंगे और पशु बलि पर आधारित हो गए, जिससे आम लोगों (विशेषकर किसानों) और व्यापारियों पर आर्थिक बोझ पड़ा और मवेशियों की कृषि उपयोगिता खतरे में पड़ी।

**गणराज्यों का उदय: प्रतिक्रिया के रूप में**

गणराज्यों (जैसे वज्जी/लिच्छवी, शाक्य, मल्ल) का उदय, इन राजतंत्रात्मक प्रवृत्तियों के विरोध में एक वैकल्पिक सामाजिक-राजनीतिक मॉडल था:

| प्रतिक्रिया का कारण ( उत्तर वैदिक प्रवृत्ति ) | गणराज्यों की प्रतिक्रिया |
|---|---|
| **वंशानुगत राजतंत्र का केंद्रीकरण** | **गैर-राजतंत्रात्मक शासन:** गणराज्यों में शक्ति किसी एक राजा के हाथों में नहीं, बल्कि **शासक वर्ग के प्रमुखों की सभा** (गण-परिषद) में निहित थी। प्रमुख निर्णय आम सहमति से लिए जाते थे। |
| **सामाजिक पदानुक्रम और ब्राह्मणवादी प्रभुत्व** | **अधिक समतावादी समाज:** गणराज्यों ने ब्राह्मणवादी प्रभाव को कम किया और **क्षत्रिय कुलीनों** का प्रभुत्व स्थापित किया। इनमें सामाजिक समानता की भावना अधिक थी, जिससे वैश्य और अन्य वर्गों को सामाजिक स्वीकार्यता मिली। |
| **महंगे वैदिक कर्मकांड** | **बौद्ध और जैन धर्म का समर्थन:** गणराज्यों ने कठोर वैदिक कर्मकांडों के बजाय **जैन और बौद्ध धर्म** जैसी नई विचारधाराओं को संरक्षण दिया, जो **सादगी, अहिंसा** (पशुओं की रक्षा) और **मितव्ययिता** पर जोर देती थीं। यह कृषि और व्यापार - आधारित अर्थव्यवस्था के लिए |
| **व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अभाव** | **सभा में भागीदारी:** गणराज्यों में कुलीन वर्ग के सदस्यों को शासन की **सभा** (Assembly) अधिक अनुकूल था। में भाग लेने और निर्णय लेने की स्वतंत्रता थी, जो राजतंत्र में संभव नहीं था। |

**निष्कर्ष:**

प्रादेशिक गणराज्यों की उत्पत्ति वास्तव में उत्तर वैदिक राजतंत्रीय निरंकुशता, कर्मकांडों की अधिकता और सामाजिक कठोरता की प्रतिक्रिया के रूप में हुई, जो पूर्वी भारत में समतावादी सभाओं और श्रमण समर्थन में प्रकट हुई। हालाँकि, वे महाजनपद युग की पूर्व-विद्यमान जनजातीय संरचनाओं और आर्थिक आवश्यकताओं से भी प्रेरित थे।

# 6 महाजनपद काल

**प्रश्नः "जैन धर्म एवं बौद्ध धर्म द्वारा प्रस्तुत वैचारिक चुनौती की जड़ें पूर्वी भारत में कृषि आधारित बस्तियों के विस्तार से उत्पन्न सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों में निहित थीं।" व्याख्या कीजिए। (सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2025)**

**उत्तरः** छठी शताब्दी ईसा पूर्व में जैन धर्म और बौद्ध धर्म द्वारा प्रस्तुत वैचारिक चुनौती, विशेष रूप से पूर्वी भारत (मगध और आसपास के क्षेत्रों) में कृषि बस्तियों के विस्तार के कारण होने वाले प्रमुख सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों से गहराई और आंतरिक रूप से जुड़ी हुई थी।

इस परिपेक्ष में इस बात को समझा जा सकता है कि कैसे नई आर्थिक संरचना मौजूदा वैदिक (ब्राह्मणवादी) सामाजिक और कर्मकांडी व्यवस्था से टकराती थी।

### 1. पूर्वी भारत में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन

छठी और चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के बीच गंगा के मैदान में शहरीकरण का दूसरा चरण देखा गया, जिसके दो प्रमुख कारण थे:

- **लौह प्रौद्योगिकीः** लोहे के औजारों के व्यापक उपयोग, विशेष रूप से घने जंगलों को साफ करने के लिए, इसने उपजाऊ गंगा घाटी में स्थायी और गहन कृषि बस्तियों के तेजी से विस्तार को संभव बनाया, जिससे कृषि अधिशेष में वृद्धि हुई।
- **व्यापार और नगरों का उदयः** कृषि अधिशेष ने व्यापार और वाणिज्य के उदय को बढ़ावा दिया, जिससे पाटलिपुत्र, कौशाम्बी और राजगृह जैसे शहरों का विकास हुआ। इससे शक्तिशाली नए वर्ग निर्मित हुएः वैश्य (व्यापारी/व्यापारी) और क्षत्रिय (शासक/प्रशासक), जिनकी संपत्ति केवल मवेशियों या अनुष्ठानों पर नहीं, बल्कि भूमि और व्यापार पर आधारित थी।

### 2. ब्राह्मणवादी चुनौती

ब्राह्मणों के प्रभुत्व वाली पारंपरिक वैदिक सामाजिक व्यवस्था ने उभरते वर्गों के सामने दो बड़ी बाधाएँ खड़ी कीं:

- **वैदिक कर्मकांड और पशुबलिः** वैदिक व्यवस्था पशुबलि (यज्ञ) पर अत्यधिक निर्भर थी, जिसके लिए मवेशियों का वध आवश्यक था। नई कृषि अर्थव्यवस्था में, मवेशी जुताई और कृषि जीविका के लिए आवश्यक हो गए। सबसे मूल्यवान आर्थिक संपत्ति की कर्मकांडीय हत्या ने नव-स्थापित कृषक समाज और वैश्य वर्ग की संपत्ति को सीधे तौर पर खतरे में डाल दिया।
- **सामाजिक पदानुक्रम (वर्ण व्यवस्था):** कठोर वर्णव्यवस्था ने ब्राह्मणों को शीर्ष पर और वैश्यों (धनी व्यापारी वर्ग) को तीसरे स्थान पर रखा, जो ब्राह्मणों और क्षत्रियों दोनों से नीचे था। अपनी अपार संपत्ति के बावजूद, वैश्यों को सर्वोच्च सामाजिक दर्जा और प्रतिष्ठा से वंचित रखा गया, जिससे सामाजिक आक्रोश पैदा हुआ।

जैन धर्म और बौद्ध धर्म ने इन चुनौतियों से बचने के लिए एक आकर्षक वैचारिक विकल्प प्रदान किया:

| विशेषता | जैन धर्म और बौद्ध धर्म का समाधान | नए वर्गों के लिए आकर्षण |
|---|---|---|
| **अहिंसा** | दोनों दर्शनों ने **अहिंसा** (विशेषकर पशुओं के प्रति) पर दृढ़ता से उपदेश दिया। | **वैश्यः** पशुओं की सुरक्षा कृषि और व्यापार के लिए महत्वपूर्ण थी। अहिंसा ने उनकी संपत्ति की रक्षा के लिए एक नैतिक और आर्थिक आधार प्रदान किया। |
| **सामाजिक समानता** | दोनों आंदोलनों ने कठोर वर्ण व्यवस्था और ब्राह्मणों की अंतर्निहित श्रेष्ठता को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने जन्म के बजाय **कर्म** और व्यक्तिगत प्रयास पर जोर दिया। | **क्षत्रिय और वैश्यः** दोनों वर्गों को उच्च सामाजिक प्रतिष्ठा दी गई और उन्हें उनके आर्थिक प्रभाव के अनुरूप सामाजिक मान्यता की आवश्यकता को पूरा करते हुए, बिना किसी भेदभाव के **संघ** (मठवासी व्यवस्था) में स्वागत किया गया। |
| **व्यापार को बढ़ावा** | जैन धर्म को व्यापारी वर्ग के बीच विशेष संरक्षण मिला क्योंकि इसकी जीवनशैली की आवश्यकताएं (कीटों को नुकसान से बचाने के लिए खेती से बचना) उनके व्यापारिक व्यवसायों के अनुकूल थीं, और यह सामान्य तौर पर व्यापारिक अर्थव्यवस्था का समर्थक था। | **वैश्यः** ये दोनों धर्म, जटिल वैदिक प्रणाली के विपरीत, सुलभ थे और उन्होंने ईमानदारी और मितव्ययिता को बढ़ावा दिया, जो सफल व्यापार के लिए आवश्यक गुण थे। |

# 7 मौर्य साम्राज्य

**प्रश्नः मौर्यों ने भौतिक संस्कृति का प्रसार गंगा के मैदानों में कहाँ तक सुगम कर दिया? व्याख्या कीजिए।**
**( सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2025 )**

**उत्तरः** मौर्यों ने भारतीय उपमहाद्वीप में पहला व्यापक, एकीकृत और केंद्रीकृत साम्राज्य स्थापित करके, गंगा के मैदानों की भौतिक संस्कृति के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौर्य राज्यतंत्र ने सांस्कृतिक संचरण के एक शक्तिशाली और संगठित माध्यम के रूप में कार्य किया।

- ❖ यह प्रसार पूर्ण नहीं था, बल्कि प्रमुख प्रशासनिक मार्गों और नव-स्थापित बस्तियों तक ही सीमित था।

**प्रसार की प्रक्रियाएँ:**

मौर्य साम्राज्य की राजनीतिक और आर्थिक संरचना ने वे माध्यम प्रदान किए जिनके माध्यम से गंगा की भौतिक संस्कृति परिधीय क्षेत्रों तक फैली:

**1. केंद्रीकृत प्रशासन और अवसंरचना:**

- ❖ **सड़क नेटवर्क:** मौर्यों ने प्रमुख राजमार्गों (जैसे उत्तरापथ जो पाटलिपुत्र को तक्षशिला और उससे आगे जोड़ता था) का निर्माण और रखरखाव किया, जिससे अधिकारियों, सैनिकों, व्यापारियों और बौद्ध धम्म प्रचारकों की आवाजाही सुगम हुई। यह नेटवर्क सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए भौतिक धमनी के रूप में कार्य करता था।
- ❖ **प्रशासनिक केंद्र:** प्रांतीय राजधानियों (जैसे, तक्षशिला, उज्जैन, तोसली, सुवर्णगिरि) और छोटी प्रशासनिक चौकियों की स्थापना ने दूरस्थ क्षेत्रों में मगध शैली के प्रशासन, नगर नियोजन और वास्तुकला का परिचय दिया।
- ❖ **राज्य-प्रायोजित बंदोबस्त:** कौटिल्य के अर्थशास्त्र में राज्य को अधिक आबादी वाले क्षेत्रों से कृषकों (वैश्यों) और शूद्र श्रमिकों को बुलाकर नई बस्तियाँ स्थापित करने की सलाह दी गई थी। ये नई बस्तियाँ गंगा के हृदयस्थल से तैयार सांस्कृतिक और तकनीकी ढाँचे के साथ स्थापित की गई थीं।

**2. भौतिक कलाकृतियाँ और प्रौद्योगिकी**

- ❖ **लौह प्रौद्योगिकी:** गंगा की भौतिक संस्कृति का मूल लौह औजारों (चाकूदार कुल्हाड़ियाँ, दरांती, हल) का गहन उपयोग था। मौर्य राज्य द्वारा दक्षिण बिहार (मगध) के समृद्ध लौह अयस्कों तक पहुँच को नियंत्रित करने के साथ, इन उत्कृष्ट औजारों की माँग और निर्माण बाहर भी होने लगा, जिससे नए क्षेत्रों में जंगलों की कटाई और गहन कृषि को बढ़ावा मिला।
- ❖ **उत्तरी काले पॉलिश किए हुए बर्तन ( एनबीपीडब्ल्यू ):** गंगा के मैदान में उत्पन्न यह विशिष्ट, अत्यधिक चमकदार, उच्च-गुणवत्ता वाला मिट्टी का बर्तन, उपमहाद्वीप के मौर्यकालीन स्थलों (जैसे, ओडिशा के शिशुपालगढ़ में) पर व्यापक रूप से पाया गया है। शाही प्रतिष्ठा और शहरी केंद्रों के साथ एनबीपीडब्ल्यू के जुड़ाव ने इसे व्यापक रूप से अपनाया।
- ❖ **पकी हुई ईंटें और कुएँ:** गंगा के मैदान की नम जलवायु के कारण निर्माण के लिए पकी हुई ईंटों का उपयोग, अधिक टिकाऊ निर्माण के लिए बाहरी प्रांतों में फैल गया। इसी प्रकार, घरेलू जल आपूर्ति के लिए रिंग कुओं और सोख गड्ढों का उपयोग, जो पहले गंगा क्षेत्र में आम था, फैल गया, जिससे बस्तियां नदी के किनारों से दूर चली गईं।

**3. मानकीकरण और विचारधारा**

- ❖ **मानकीकृत सिक्का:** अंकित सिक्के (अक्सर मगध मानक के अनुरूप) विशाल साम्राज्य में विनिमय का माध्यम बन गए। इस मानकीकरण ने विविध क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं को एक साझा मौद्रिक प्रणाली में एकीकृत किया, जो व्यापार के लिए आवश्यक थी।
- ❖ **शाही कला और स्थापत्य कला:** अशोक के अखंड पॉलिश किए हुए पत्थर के स्तंभों (जिनकी विशिष्ट उच्च पॉलिश की गई फिनिश और सारनाथ जैसे स्मारकीय पशु शीर्षों के साथ) ने उन क्षेत्रों में उन्नत पत्थर-काटने और पॉलिश करने की तकनीकों का परिचय दिया जो पहले केवल लकड़ी पर निर्भर थे। इस शाही कला रूप ने स्मारकीयता के लिए एक नया मानक स्थापित किया।
- ❖ **धम्म प्रचारक:** अशोक की धम्म नीति, जो धम्म महामात्रों और चट्टानों और स्तंभों पर उत्कीर्ण शिलालेखों के माध्यम से क्रियान्वित की गई, ने मुख्य क्षेत्र के विचारों, भाषा (ब्राह्मी लिपि में प्राकृत) और नैतिक प्रणाली को आदिवासी और परिधीय आबादी के सीधे संपर्क में लाया, जिससे अक्सर उन्हें एक अधिक स्थायी, किसान, कर-भुगतान करने वाली जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा मिली।
प्रसार की सीमाएँ

व्यापक प्रसार के बावजूद, प्रसार एक समान नहीं था:

- ❖ **शहरी केंद्रों पर ध्यान:** मौर्य सांस्कृतिक प्रभाव शहरी केंद्रों (जो प्रायः प्रशासनिक केंद्र थे) और मुख्य व्यापार मार्गों पर सबसे अधिक था। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र और घने जंगल नई भौतिक संस्कृति से अपेक्षाकृत अछूते रहे।
- ❖ **स्थानीय संस्कृति का स्थायित्व:** कई स्थानीय भौतिक परंपराएँ और जीवन-शैली, विशेष रूप से मगध, उज्जैन और तक्षशिला के मुख्य क्षेत्रों से परे, विद्यमान रहीं।

# 8 उत्तर मौर्य काल

**प्रश्नः प्रथम से तृतीय शताब्दी ईसवी के दौरान भारत के मध्य एशिया से संपर्कों की प्रकृति एवं प्रभाव का परीक्षण कीजिए। इन संपर्कों ने भारत के राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक क्षेत्रों को किस प्रकार से प्रभावित किया?**

**( सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2025 )**

**उत्तरः** पहली से तीसरी शताब्दी ईस्वी के दौरान भारत और मध्य एशिया के बीच संपर्क गहन, परिवर्तनकारी और कुषाण साम्राज्य द्वारा काफी हद तक सुगम बनाए गए थे। इन अंत:क्रियाओं की प्रकृति मुख्यतः राजनीतिक-सैन्य और वाणिज्यिक थी, जिसके परिणामस्वरूप भारत के राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक क्षेत्रों पर गहरा प्रभाव पड़ा।

**भारत के मध्य एशियाई संपर्कों की प्रकृति ( पहली-तीसरी शताब्दी ईस्वी )**

**इस अंत:क्रिया की प्रमुख विशेषताएँ थीं:**

- **राजनीतिक प्रभुत्वः** इस काल में कुषाण साम्राज्य की स्थापना हुई, जो एक मध्य एशियाई खानाबदोश समूह (युएझी से जुड़ा) था जो दक्षिण की ओर बढ़ा। कनिष्क जैसे शासकों के अधीन, इस साम्राज्य का नियंत्रण मध्य एशिया (बैक्ट्रिया/सोग्डिया), अफगानिस्तान, पाकिस्तान और उत्तर भारत के बड़े हिस्से (वाराणसी तक गंगा का मैदान) तक फैले एक विशाल क्षेत्र पर था। इससे एक एकीकृत राजनीतिक क्षेत्र का निर्माण हुआ।
- **वाणिज्यिक राजमार्ग ( रेशम मार्ग ):** कुषाण रेशम मार्ग व्यापार में महत्वपूर्ण बिचौलिए थे। उत्तरी (मध्य एशियाई) और दक्षिणी (भारतीय) दोनों शाखाओं पर उनके नियंत्रण ने चीन, भारत और रोमन साम्राज्य के बीच वस्तुओं (रेशम, घोड़े, मसाले, रत्न) के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित किया।
- **सांस्कृतिक संश्लेषणः** कुषाण दरबार हेलेनिस्टिक, ईरानी, मध्य एशियाई और भारतीय परंपराओं का सम्मिश्रण था। इस वातावरण ने कलात्मक और धार्मिक समन्वयवाद के एक नए युग को जन्म दिया।

**भारत के राजनीतिक क्षेत्र पर प्रभाव**

मध्य एशियाई संपर्कों ने उत्तर भारत के राजनीतिक परिदृश्य को नाटकीय रूप से बदल दियाः

- **राजनीतिक एकीकरणः** मौर्यों के पतन के बाद कुषाणों ने एक विशाल, स्थिर साम्राज्य की स्थापना की और विविध क्षेत्रों को एकीकृत किया। उनकी साम्राज्य संरचना ने गुप्त काल के बाद के विशाल प्रादेशिक राज्यों की नींव रखी।
- **राजत्व की अवधारणाएँ:** उन्होंने दैवीय राजत्व की मध्य एशियाई/ईरानी अवधारणा का परिचय दिया। कुषाण शासकों ने देवपुत्र (ईश्वर का पुत्र) और कैसर (सीजर) जैसी भव्य उपाधियाँ धारण कीं, जिन्हें अक्सर उनके सिक्कों पर मध्य एशियाई पोशाक (लंबे कोट, जूते) पहने और सिंहासन पर बलिदान देते हुए दिखाया जाता है।
- **स्वदेशी शासन का अंतः** शक (सीथियन) और कुषाणों के आगमन और स्थापना के कारण स्वदेशी गणतंत्र राज्यों (जैसे मालव और यौधेय) और मौर्य पतन के बाद फले-फूले छोटे राजतंत्रों का पतन हुआ।

**भारत के सांस्कृतिक क्षेत्र पर प्रभाव**

**कला, धर्म और भाषा पर इसका प्रभाव शायद सबसे स्थायी थाः**

- **गांधार कला विद्यालयः** यह कला विद्यालय उत्तर-पश्चिमी सीमांत क्षेत्र (आधुनिक पाकिस्तान/अफगानिस्तान) में कुषाणों के अधीन फला-फूला। यह हेलेनिस्टिक (यूनानी/रोमन) मूर्तिकला तकनीकों और बौद्ध विषयों का एक अनूठा मिश्रण था, जिसमें रोमन टोगा शैली के वस्त्रों में बुद्ध को मानव रूप दिया गया था।
- **मथुरा कला विद्यालयः** स्वदेशी होने के बावजूद, मथुरा विद्यालय ने कुषाण राजनीतिक प्रतीकों (जैसे, विदेशी पोशाक में कनिष्क की मूर्तियाँ) को भी अपनाया और उनके संरक्षण में विकसित हुआ। इसने लाल बलुआ पत्थर पर ध्यान केंद्रित किया और बुद्ध के साथ ब्राह्मण और जैन देवताओं को भी चित्रित किया।
- **धार्मिक समन्वयवादः** कुषाण सिक्कों पर भारतीय (शिव, विष्णु), यूनानी (हेराक्लीज), ईरानी (मिथ्रा, अहुरा मज्दा) और बौद्ध देवताओं सहित कई उल्लेखनीय देवी-देवताओं को दर्शाया गया है। यह धार्मिक सहिष्णुता और धर्मों के सम्मिश्रण को दर्शाता है।
- **महायान बौद्ध धर्म का उदयः** कुषाण संरक्षण, विशेष रूप से कनिष्क (जिन्होंने चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन किया था) के अधीन, ने महायान बौद्ध धर्म के उदय और विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बोधिसत्व और मूर्ति पूजा (गांधार और मथुरा सम्प्रदायों द्वारा सुगम) पर बल देने वाले महायान सम्प्रदाय का मध्य एशियाई व्यापार मार्गों से चीन तक तीव्र गति से प्रसार हुआ।

**भारत के आर्थिक क्षेत्र पर प्रभाव**

इसका आर्थिक प्रभाव व्यापार और मुद्रीकरण के फलने-फूलने से सम्बंधित थाः

- **व्यापार का विस्तारः** रेशम मार्ग की प्रमुख धमनियों और भारत को पश्चिमी एशिया और रोमन साम्राज्य से जोड़ने वाले मार्गों

# 9 प्रारंभिक राज्य एवं समाज

**प्रश्नः दक्षिण भारत के प्राचीन इतिहास की सामाजिक और सांस्कृतिक परम्पराओं का ज्ञान कराने में संगम साहित्य कहां तक सहायक है? (सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2023)**

**उत्तरः** लगभग तीन सौ ईसा पूर्व से तीन सौ ईस्वी के बीच की अवधि में लिखा गया संगम साहित्य, प्राचीन दक्षिण भारत की सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

- तमिल कविता का यह संग्रह उस युग के लोगों के जीवन, मूल्यों और प्रथाओं का एक ज्वलंत चित्रण प्रस्तुत करता है।
- संगम साहित्य मुख्य रूप से तमिल भाषा में लिखा गया है, संगम युग की प्रमुख रचनाओं में तोलकाप्पियम्, एतुत्तौके, पत्तुप्पातु, पदिनेकिल्लकणक्कु इत्यादि ग्रंथ तथा शिलप्पादिकारम, मणिमेखलै और जीवक चिंतामणि महाकाव्य शामिल हैं।

**सामाजिक संरचना**

